# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

सेवा में,

पत्रांक : उपाधि/227
दिनांक : 29.11.2019

समस्त प्राचार्य/निदेशक
सम्बद्ध स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय,

कृपया परीक्षा समिति की आहूत बैठक दिनांक 16.11.2019 के मद संख्या–07 के संकल्प संख्या–02 में निम्न निर्णय लिया गया है :–

"विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्त योजना के अन्तर्गत संचालित संस्थानों/महाविद्यालयों में समस्त पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के पश्चात विश्वविद्यालय नियमानुसार उपाधियाँ छात्रों को वितरित किये जाने हेतु सम्बन्धित संस्थान को प्रेषित की जाती हैं, परन्तु संस्थानों द्वारा उपाधियों के बदले छात्रों से मोटी रकम वसूलने की शिकायतें समय–समय पर विश्वविद्यालय में प्राप्त हो रही हैं, जिस पर परीक्षा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित समस्त संस्थानों/महाविद्यालयों, जहाँ पूर्व में सम्बन्धित छात्रों की उपाधियाँ प्रेषित की जा चुकी हैं, उन संस्थानों से बची हुई उपाधियों को वापिस मंगाकर विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित विद्यार्थियों को कोरियर/बाह्य श्रोत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके घर पर प्रेषित की जायेंगी।"

अतः परीक्षा समिति में लिये उपरोक्त निर्णय के समादर में अनुरोध है कि आपके महाविद्यालय/संस्थान में विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई उपाधियों के सम्बन्ध में निम्न विवरणानुसार मूल उपाधियाँ 05 कार्य दिवस में आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। :–

| क्र0सं0 | कक्षा | अनुक्रमांक | वर्ष | विषय/पाठ्यक्रम | विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई उपाधियों की संख्या | छात्र को वितरित की गई उपाधि | शेष बची उपाधियाँ (नाम, कक्षा, अनुक्रमांक व वर्ष सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–
1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, कमेटी सैल को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (उपाधि)